बाइबल आधारित अंकशास्त्र क्या है?

बाइबल के बारे में प्रश्न

बाइबल आधारित अंकशास्त्र बाइबल में वर्णित अंकों का अध्ययन करना है। बाइबल में 7 और 40 का अंक सामान्य रूप से बहुत अधिक बार दुहराया गया है। अंक 7 पूर्णता या पूर्ण होने का संकेत देता है (उत्पत्ति 7:2-4; प्रकाशितवाक्य 1:20)। इसे अक्सर "परमेश्वर का अंक" कह कर पुकारा जाता है, क्योंकि वही एकमात्र ऐसा है, जो सिद्ध और पूर्ण है (प्रकाशितवाक्य 4:5; 5:1, 5-6)। अंक 3 को अलौकिक पूर्णता के अंक के रूप में सोचा जाता है : त्रिएकत्व पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा से मिलकर बना है।

अंक 40 को अक्सर अभ्यास की "समयावधि या जाँच" के रूप में समझा जाता है। उदाहरण के लिए, इस्राएली 40 वर्षों तक जंगल में घूमते रहे (व्यवस्थाविवरण 8:2-5); मूसा पहाड़ी के ऊपर 40 दिनों तक रहा (निर्गमन 24:18); योना ने चेतावनी दी कि 40 दिनों के पश्चात् दण्ड आ जाएगा (योना 3:4); यीशु की परीक्षा 40 दिनों तक हुई (मत्ती 4:2); यीशु के पुनरुत्थान और स्वर्गारोहण के मध्य में 40 दिनों का समय था (प्रेरितों के काम 1:3)। बाइबल में आवृत्ति होता हुआ एक और अंक 4 का है, जो सृष्टि: उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम; चार ऋतुएँ इत्यादि का अंक है। अंक 6 को मनुष्य के बारे में होना सोचा गया है : मनुष्य की रचना 6ठे दिन हुई थी; मनुष्य 6 दिन ही कार्य करता है। बाइबल के द्वारा अंक का उपयोग करते हुए किसी विशेष

बात की सूचना देने के प्रति एक और उदाहरण प्रकाशितवाक्य अध्याय 13 है, जो यह कहता है कि मसीह विरोधी का अंक 666 है।

अंक वास्तव में कोई महत्व रखते हैं या नहीं, का विषय अभी भी वाद विवाद का विषय है। बाइबल निश्चित रूप से अंकों को एक पद्धति में उपयोग करती है या उनका उपयोग आत्मिक शिक्षा देने के लिए करती है। तथापि, बहुत से लोग "बाइबल आधारित अंकशास्त्र" के महत्व के ऊपर बहुत अधिक ध्यान देते हुए, बाइबल में वर्णित प्रत्येक अंक के पीछे पाए जाने वाले एक विशेष अर्थ की खोज करने का प्रयास करते हैं। अक्सर, बाइबल में वर्णित एक अंक एक सामान्य सा अर्थ होता है। परमेश्वर ने हमें गुप्त अर्थों, छिपे हुए सन्देशों, या बाइबल में दी हुई कूट भाषा की खोज करने के लिए बुलाहट नहीं दी है। हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए और हमें "सिद्ध बनने, और हर एक भले काम के लिये तत्पर होने" के लिए निर्मित करने के लिए पर्याप्त मात्रा में स्पष्ट सत्य को बहुतायत के साथ दिया गया है (2 तीमुथियुस 3:16)।

स्रोत / Source: https://www.gotquestions.org/Hindi/Hindi-biblical-numerology.html | English: https://www.gotquestions.org/biblical-numerology.html

www.GotQuestions.org · https://www.gotquestions.org/Hindi · © Copyright Got Questions Ministries · questions@gotquestions.org